RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 244
हिसार | शनिवार, 2 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रुपए | पृष्ठ ६

## सीएम की सुरक्षा के दृष्टिगत जीजेयू रेड जोन घोषित

### ग्लाइडर/ड्रोन/मानवरहित हवाई उपकरण उड़ाने पर रहेगा प्रतिबंध

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** सुरक्षा के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय में 3 व 4 दिसंबर दौरा कार्यक्रम को लेकर जिलाधीश उत्तम सिंह ने धारा 144 की प्रदत्त शक्तियों के तहत गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय को रेड जोन घोषित किया गया है। ड्रोन नियमावली-2021 के तहत रेड जोन में ग्लाइडर/ड्रोन/मानवरहित हवाई उपकरण उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। आदेशों की उल्लंघना पाए जाने पर दोषी भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 188 के तहत दण्ड का भागी होगा।




# हरियाणा में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा के लिए लोगों में दिख रहा खासा उत्साह

## नारी शक्ति का भी मिल रहा भरपूर समर्थन, दूसरे दिन 65 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें साढ़े 7 हजार से अधिक लोग पहुंचे

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 2 दिसम्बर :** विगत 9 वर्षों से केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को सबसे पहले लागू करने वाला हरियाणा अब विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा में इस यात्रा के प्रति लोगों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले दो दिनों में लगभग 85,000 लोगों ने इस यात्रा में भागीदारी की और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली।



फतेहाबाद में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में उमड़े लोग।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों तक पहुंचने और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई इस यात्रा के माध्यम से प्रत्येक नागरिक स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार सभी विभाग आपसी समन्वय से लोगों तक पहुंच रहे हैं। 1 दिसंबर, 2023 को पूरे हरियाणा में 65 ग्राम पंचायतों में यात्रा के रुकने के स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 40 हजार लोगों ने अपनी भागीदारी की। नारी शक्ति का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

**4400 से ज्यादा लोगों की टीबी जांच की गई, कई लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भेजा गया**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमए) के तहत हरियाणा को टीबी मुक्त करने में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान भी लगभग साढ़े 7 हजार से अधिक लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। इसके अलावा, 4400 से ज्यादा लोगों की टीबी जांच की गई और कई लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भेजा गया। टीबी से पीड़ित मरीजों को निक्षय मित्रों से सहायता प्राप्त करने के लिए भी सहमति ली जा रही है।

**किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए किया जा रहा जागरूक**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमृतकाल के चार स्तंभ बताए हैं, जिनमें नारीशक्ति, युवाशक्ति, कृषि शक्ति यानि किसान और गरीबों व मध्यमवर्ग की सामर्थ्यशक्ति। इन चार स्तंभों के बल पर निश्चित तौर पर भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। इसी कड़ी में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को परंपरागत फसल की खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से स्पेशल काउंटर स्थापित कर किसानों को प्राकृतिक खेती की विधि, सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी व अन्य वित्तीय सहयोग तथा तकनीक की जानकारी दी जा रही है।

**मेरी कहानी -मेरी जुबानी बन रहा आकर्षण का केंद्र**

यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है

# हिसार के गांव खरड़ में गोलियां मारकर शराब ठेकेदार की हत्या, फायरिंग में दो घायल

## परिजनों ने पोस्टमार्टम से पहले गिरफ्तारी की मांग रखी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** हिसार के गांव खरड़ शुक्रवार रात दो बाइकों और एक कार में आए 8-10 बदमाशों ने शराब ठेकेदार विकास उर्फ केसी की 12 से 15 गोलियां मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। वहीं हमले में मृतक विकास का दोस्त अजय उर्फ हनुमान को हाथ में गोली लगी और सोनू उर्फ मोलड़ की कमर में दो गोलियां लगी हुई। जिन्हें हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। हमलावरों की संख्या 6 से 7 बताई जा रही है जो दो बाइक और गाड़ी में सवार होकर वहां आते हैं और गाड़ी पर फायर शुरू कर देते हैं बदमाशों ने शराब ठेकेदार विकास को करीब 12 गोलियां मारकर हत्या कर दी, वहीं इस दौरान अपने बचाव के लिए भाग रहे विकास के चचेरे भाइयों पर भी हमला किया। बताया जा रहा है कि गांव में हत्या के प्रयास मामले में विकास का नाम था, लेकिन बाद में पंचायती समझौता हो गया था। परिवार वालों का आरोप है कि उसी रंजिश के चलते विकास की हत्या की गई है। ऐसी चर्चाएं भी है कि विकास थुराना गैंग के सरगना बिट्टू पहलवान का करीबी था। मृतक विकास परिवार का इकलौता सहारा था। विकास के पिता की करीब 6 माह पहले कैंसर से मौत हो चुकी है उसकी दो बहने हैं जो शादीशुदा हैं। डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि फिलहाल मृतक के परिजनों के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं हमलावरों को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शराब ठेकेदार विकास अपने चाचा के दो लड़कों के साथ खेत से गाड़ी में घर आ रहा था घर से करीब 500 मीटर दूर हमलावरो ने गाड़ी पर फायर कर दिए हमले में विकास की मौके पर मौत हो गई। वहीं सिविल अस्पताल में परिजनों ने विकास का पोस्टमार्टम रूकवा दिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



फायरिंग के बाद गाड़ी पर गोलियों के निशान।

# 3 दिसंबर को जीजेयू स्थित ऑडिटोरियम में होगा युवा सम्मेलन, मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्य अतिथि

## महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज व महापौर गौतम सरदाना की अध्यक्षता में होगा सम्मेलन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** राष्ट्रीय सनातन महासंघ के तत्वावधान में सर्व समाज के ऊर्जावान देश प्रेमियों का युवा सम्मेलन 3 दिसंबर को दोपहर 3 बजे गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज पटौदी ने बताया कि सम्मेलन राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के सानिध्य में होगा जबकि अध्यक्षता नगर निगम हिसार के महापौर गौतम सरदाना द्वारा की जाएगी। स्वामी धर्मदेव महाराज ने बताया कि राष्ट्रीय सनातन महासंघ के पांच मुख्य उद्देश्य हैं जिनमें देश भक्ति, नशा मुक्ति, मातृ-पितृ वंदन, जरूरतमंदों की सेवा व दृढ़ अनुशासन शामिल हैं। युवा वर्ग को राष्ट्रीय सनातन महासंघ से जोड़ा जाएगा और देश व समाज की सेवा में संगठन अपना पूर्ण योगदान देगा। संगठन के माध्यम से युवाओं को नशे आदि से दूर रहकर महासंघ से जुडने तथा देश व समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। सम्मेलन में 36 बिरादरी के युवा भाग लेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर अपने माता-पिता की सेवा करें व असहाय लोगों की सेवा कर अनुशासित जीवन जीते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि सम्मेलन को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सम्मेलन को ऐतिहासिक व यादगार बनाने के लिए अनेक युवा साथियों की टीमें दिन-रात काम कर रही हैं। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को देश व समाज की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोडक़र युवाओं को ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाया जाएगा। वहीं शनिवार को मेयर गौतम सरदाना, उपायुक्त उत्तम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।




मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लेते मेयर गौतम सरदाना, उपायुक्त उत्तम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा।



महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज पटौदी।

# छात्रावास के लिए जमीन दिए जाने पर बाल्मीकि समाज ने निकाय मंत्री का जताया आभार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** भगवान बाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा समिति का एक प्रतिनिधि मंडल पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मिला व बाल्मीकि छात्रावास के लिए गांव सातरोड में 3000 वर्ग मीटर जमीन प्रदेश सरकार द्वारा दिये जाने पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए निकाय मंत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार सबका साथ -सबका विकास नारे को पूरी तरह सार्थक कर रही है।छात्रावास के लिए समाज को जमीन दिया जाना सरकार का दायित्व है। छात्रा वास बनने से छात्रों को काफी सहूलियत मिलेगी। सरकार भविष्य में भी समाज के उत्थान के लिए हमेशा अग्रणी रहेगी। वहीं समिति के महासचिव विनोद कुमार चांदा ने कहा कि बाल्मीकि समाज 1984 से छात्रावास के लिए जमीन की मांग कर रहा था।भाजपा सरकार ने जमीन देने की घोषणा करके समाज पर बहुत बड़ा उपकार करने का का किया है।पूरा समाज समाज का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, राम चन्द्र गुप्ता, लोकेश असीजा व अन्य उपस्थित रहे।












# सम्पादकीय..........

## पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के जरिए ड्रग्स और हथियारों को भारत की सीमा भेजना, बड़ा खतरा

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर भारत में अराजकता फैलाने के पाकिस्तान के नापाक मंसूबों का खुलासा किया है। इस बार यह मामला ड्रोनों से जुड़ा है। सीमा पर एक साल में 90 ड्रोन पकड़े गए या फिर नष्ट कर दिए गए हैं। इनके साथ आए नशीले पदार्थ और हथियार भी जब्त कर लिए गए। पंजाब से सटी सीमा पर 81 व राजस्थान से सटी सीमा पर पाकिस्तान से आए 9 ड्रोन गिराए गए हैं। ड्रोन के जरिए ड्रग्स और हथियारों को भारत की सीमा में भेजने से पाकिस्तान के इरादों का साफ पता चलता है। जाहिर है पाकिस्तान भारत में अराजकता फैलाना चाहता है। साथ ही लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दलदल में फंसाकर भारत के विरुद्ध उनका इस्तेमाल करना चाहता है। यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि पंजाब में नशे की लत के कारण युवा पीढ़ी के बर्बाद होने की जिस समस्या का विकराल रूप देखा गया, उसके पीछे भी पाकिस्तान का ही हाथ रहा है। पाकिस्तान का कोई भी कदम अप्रत्याशित नहीं माना जा सकता। वह भारत में अस्थिरता और हिंसा के बीज बोने के लिए हर समय तैयार रहता है। इसके लिए वह नए-नए रास्ते खोजता है। कभी आतंकी हमलों के जरिए, तो कभी हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के रूप में उसकी कारस्तानियां सामने आती रहती हैं। कभी वह भारत के ही नागरिकों को बरगला कर भारत के खिलाफ इस्तेमाल करता नजर आता है, तो कभी अपने आतंकियों की भारत में घुसपैठ करवाता है। इन आतंकियों की मदद के लिए वह अपने सैनिकों तक को आगे करने से भी परहेज नहीं करता है। यह अलग बात है कि ये आतंकी हरकतें उसके लिए भी मुश्किलें पैदा कर रही हैं। उसकी आर्थिक स्थिति इतनी बदहाल हो गई है कि वहां नागरिकों के खाने तक के लाले पड़े हुए हैं। अब तो वह खुद आतंकी हमले झेल रहा है। इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत ने हर बार पाकिस्तान को मात दी है। इसके बावजूद सजगता और सतर्कता की जरूरत है। वह खालिस्तानी अलगाववादियों को खुला प्रश्रय दे रहा है। कश्मीर में हिंसा फैलाने के लिए तो वह नए-नए तरीके इस्तेमाल करता ही रहता है। ड्रोन से ड्रग्स और हथियार भेजना भी इसी तरह की कोशिश है। हालांकि उसके ड्रोन पकड़े जा रहे हैं। इनकी जांच भी करवाई जा रही है। इस बात का भी पता किया जाना चाहिए कि ड्रोन के जरिए आने वाले हथियार व मादक पदार्थ भारत में किसे मिलने वाले थे और इनका किस रूप में इस्तेमाल किया जाना था। जांच एजेंसियों को देश में फैले इस नेटवर्क का पर्दाफाश करना चाहिए।

# बच्चों में आध्यात्मिक मूल्य भरे जा सकें तो जीवन सुखी होता है

**अध्यात्म**

कई बच्चों की नकारात्मक प्रवृत्तियां माता-पिता के लिए परेशानी का सबब बन जाती हैं। ऐसे में माता-पिता के पास बच्चे को सम्यक दंड देने का अधिकार है। दंड का मतलब शारीरिक दंड नहीं। बच्चे से कुछ देर बात न करना उसके लिए बहुत बड़ी सजा है, क्योंकि बच्चे का सारा व्यवहार आपका ध्यान पाने के लिए होता है। अगर वह ध्यान उसे न मिले तो उसकी सारी मेहनत बेकार चली जाती है। बच्चा आप पर चीखे-चिल्लाए तो उस वक्त छोड़ दें, लेकिन खुद को नॉर्मल भी न दिखाएं। बाद में बैठकर बात करें कि इस तरह बात करना आपको बुरा लगा। ऐसे व्यवहार से उसके दोस्त, टीचर सभी उसे बुरा बच्चा मानेंगे। बार-बार कुरेदें नहीं, अन्यथा उसकी ईगो हर्ट होगी। बच्चा जो सुनेगा, वही सीखेगा, इसलिए उसके सामने गलत भाषा का प्रयोग न करें। अगर वह गाली गलौज करे तो उसे बताएं कि ऐसी भाषा गलत है। बच्चा चोरी करे या किसी की चीजें उठा लाए, झूठ बोले तो उसे न पीटें, न डांटें। भाई-बहनों के आगे उसे जलील भी न करें कि यह चोर है। यह कहना भी ठीक नहीं कि तुम हमारे बच्चे नहीं हो सकते। अगर कोई दूसरा ऐसी शिकायत लाता है तो वे मानने को तैयार नहीं होते कि हमारा बच्चा ऐसा कर सकता है। पर्दा डालने की कोशिश करने लगते हैं। ऐसे बच्चे को उसकी पसंदीदा चीजों से कुछ देर के लिए दूर कर दें। बच्चे का बैग रेग्युलर चेक करें, लेकिन उसकी मौजूदगी में नहीं। उसमें कोई भी नई चीज नजर आए तो उसे लौटाने को कहें, लेकिन पूरी क्लास के सामने माफी न मंगवाएं। अगर कोई कहता है कि आपके बच्चे ने चोरी की है तो यह न कहें कि वह ऐसा नहीं कर सकता। अकेले में बच्चे से पूरी पूछताछ करें। बच्चे को बताएं कि आप कोई चीज उठाकर लाएंगे तो आप टेंशन में रहेंगे कि कोई देख न ले। इससे अच्छा है कि चोरी की ही न जाए। बच्चा झूठ बोले तो माता-पिता खुद को कोसने लगते हैं कि हमारी तो किस्मत ही खराब है। उन्हें लगता है कि बच्चे ने बहुत बड़ा पाप कर दिया है। उसके दोस्तों को फोन करके पूछते हैं कि सच क्या है/ जब दूसरा कोई शिकायत करता है तो बिना सच जाने बच्चे की ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं कि हमारा बच्चा ऐसा नहीं कर सकता। वे दूसरों के सामने अपनी ईगो को हर्ट नहीं होने देना चाहते। बच्चे को अपना कोई उदाहरण देकर उस काम के नेगेटिव पक्ष बताएं। ऐसा माहौल रखें कि बच्चा अपनी गलती बताने से डरे नहीं। उसे भरोसा दिलाएं कि उसकी गलती माफ हो सकती है। बच्चों में आध्यात्मिक मूल्य भरे जा सकें तो जीवन की बहुत सारी समस्याएं स्वत: समाप्त हो जाती हैं। जो बच्चे गुरुमुख होते हैं, उनका परिवार भी सुखी रहता है।



# सुण मौल्लड़ की

ई.डी. अधिकारी तमिलनाडु में 20 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार, दोहरी क्रप्शन।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अनावश्यक विवादों से दूर रहें। कार्यों में अचानक अवरोध उत्पन्न होंगे। सहयोगी की बातों को लेकर मन में खिन्नता बढ़ेगी। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**वृषभ :** नए काम की शुरूआत हो सकती है। तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी। आत्मविश्वास से फैसला लें सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** लेखकों व कलाकारों को सम्मान प्राप्त होगा। मित्रों व रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। बातचीत में नरमी बरतें।

**कर्क :** परिवार के साथ खुशी भरे लम्हे व्यतीत करेंगे। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। दुविधा की स्थिति से छुटकारा मिलेगा।

**सिंह :** आंखों व पैरों का ध्यान रखें, चोट लगने की आशंका। महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय लेने से बचें। मन में बैचेनी बनी रहेगी। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कन्या :** विभिन्न स्त्रोतों से धन लाभ होगा। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। यात्रा सुखद रहेगी।

**तुला :** मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। नए संपर्क कैरियर को नई गति देने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक :** भाग्योदय के उचित अवसर प्राप्त होंगे। लम्बे समय से अटके काम पूरे होंगे। पूर्व में किए निवेश से लाभ होगा।

**धनु :** कोई भी नय कार्य आरंभ न करें। ना चाहते हुए भी लोगों की आलोचना सुननी पड़ सकती है। भय व तनाव की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। दुर्गा माता की पूजा करें।

**मकर :** यात्रा से लाभ होगा। व्यापारिक सांझेदारी लाभकारी रहेगी। परिवार का साथ खुशी देगा।

**कुंभ :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। पैसे के लेन-देन संबंधित कार्यों में सावधानी रखें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**मीन :** रचनात्मक कार्य से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रियजन के संबंध में शुभ समाचार मिल सकते हैं। उच्च अध्ययन में बेहतर परिणाम के आसार हैं।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने रैली व नुक्कड़ नाटक से एड्स के विरुद्ध किया जागरूक

**भ्रांतियां दूर करके एड्स के प्रति जागरूक करने की नितांत आवश्यकता : रजत गुप्ता**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** सामाजिक सरोकारों की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े विद्यार्थियों ने रैली निकालकर एड्स के विरुद्ध जागरूक किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर किया।

इस अवसर पर इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर व निदेशक रजत गुप्ता ने कहा कि हर इंसान को एड्स से होने वाले कारणों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि देखने में आया है कि बहुत से युवा नशा करने के लिए एक ही सीरिंज का इस्तेमाल करते रहते हैं। इससे उन युवाओं में एचआईवी पॉजिटिव होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो एड्स के कारणों को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी इंसान को एचआईवी पॉजिटिव हो जाए तो उससे घृणा करने की अपेक्षा सद्भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर सत्यपाल शर्मा व कोच रोहतास कुमार ने भी एड्स से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के विद्यार्थियों ने अग्रेसन भवन के सामने आयोजित नुक्कड़ नाटक के दौरान बताया कि एड्स रक्त संचरण के माध्यम से हो सकता है। इसलिए हमेशा समुचित जांच के उपरांत ही किसी मरीज को रक्त चढ़ाना चाहिए। इसके साथ-साथ एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को लगाई गई सीरिंज का इस्तेमाल करने से भी इस बीमारी को बढ़ावा मिलता है। गर्भवती एचआईवी संक्रमित महिला के बच्चे को भी एचआईवी संक्रमण की आशंका रहती है। विद्यार्थियों ने स्पष्ट किया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति का बहिष्कार करने की अपेक्षा उसके प्रति सद्भावना रखनी चाहिए और यथासंभव मदद करनी चाहिए।

इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर व निदेशक रजत गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के हर वर्ग में जागरूकता लाना है। इसी लक्ष्य के तहत ट्रस्ट के तत्वावधान में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम एवं आयोजन किए जाते हैं।

# एड्स है एक जानलेवा बीमारी इसको खत्म करना हम सबकी जिम्मेदारी : डॉ ऊषा सिंह




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जम्भ शक्ति ट्रस्ट हिसार की तरफ से हिसार स्थित दि जनता ट्रक यूनियन के प्रांगण में एक जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ देवेन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिन्दल अस्पताल से डॉ सूरज कुमार और भाजपा के अर्बन मंडल अध्यक्ष सुशील बुड़ाकिया अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आए। विशेष अतिथि दि जनता ट्रक यूनियन के सरंक्षक श्रवण सहारण, विष्णु देव लाम्बा, वीरेन्द्र सहारण, सुभाष लांबा, गुलाब एवं अरूण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट की कार्यक्रम परियोजना अधिकारी डॉ ऊषा सिंह ने एड्स से बचाव और रोकथाम के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की और इस बीमारी के बारे में जागरूकता लाने पर जोर देते हुए भारी संख्या में उपस्थित ट्रक ड्राइवरों को एड्स से बचाव और रोकथाम के लिए समझाया। सहकारिता प्रकोष्ठ हरियाणा भाजपा के लेबरफैडरेशन के प्रदेश प्रभारी राकेश गुलाटी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की तथा सभी को संबोधित करते हुए समाज के प्रत्येक नागरिक तक तक इस संदेश को पहुँचाने का आह्वान किया। श्रवण सहारण एवं वीरेन्द्र सहारण ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एड्स के प्रति फैली हुई धारणाओं और भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर डा उषा सिंह द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# सेंट कबीर विद्यालय में जूनियर वर्ग का रंगारंग वार्षिकोत्सव




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** गत दिवस सेंट कबीर विद्यालय के जूनियर वर्ग का 40वाँ वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आकर्षक ढंग से सजे विद्यालय परिसर में स्वागतोत्सुक विद्यालय परिवार ने 'अतिथि देवो भवः' की भावना से परिपूर्ण होकर कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। विद्यालय प्रबंधन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय निदेशिका नेहा सिंह ने अपने शुभ वचनों द्वारा सभी अभिभावकों का स्वागत किया। विद्यालय की ऑर्केस्ट्रा टीम ने वाद्य यंत्रों की मधुर धुन द्वारा वातावरण को संगीतमय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश व शिव वंदना की मनमोहक प्रस्तुति द्वारा हुई। तत्पश्चात विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू महतानी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-नन्हें बच्चों ने सामूहिक नृत्यों व नाटक 'नर्चर दा नेचर' के माध्यम से स्वच्छता, जीवों के प्रति संवेदनशीलता तथा वृक्ष संरक्षण का संदेश दिया। पपेट व आंध्रा डांस तथा नाटक 'तेनालीरामा' में पात्र तेनालीरामा के द्वारा अपनी सूझबूझ से चोरों को पकड़ने की कला ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। नृत्य लहरा दो,तलवारों से तथा नाटक 'हिंदुस्तान मेरी जान' के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के जीवंत प्रस्तुतीकरण से विद्यार्थियों ने सभी दर्शकगणों को देशभक्ति की भावना से भाव विभोर कर दिया। सभी आगंतुकों ने तालियों द्वारा विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें मेधावी व होनहार विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय उप प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि प्रभा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया। अंत में राष्ट्रगान द्वारा वार्षिकोत्सव का समापन किया गया।

# कर्म का मर्म

## आवाज का बाजीगर

एक लड़के का परिवार स्वीडन से इलिनॉय (शिकागो) में आकर रहने लगा। उनके घर की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी। लड़का बहुत प्रतिभाशाली था। घर की बुरी स्थिति देखकर उसने सोचा कि उसे भी ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे कि उसके परिवार की मदद हो सके। उसने अनेक कार्यों में हाथ आजमाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। एक दिन वह चिंतामग्न बैठा था तो उसके मित्र ने उसकी चिंता का कारण पूछा। उसकी बात सुनकर मित्र बोला, 'मैंने कई लोगों को फटॉग्रफी में अच्छी कमाई करते देखा है। तुम फटॉग्रफी जानने के लिए एक पुस्तक मंगाओ। उसे पढ़कर तुम कुछ ही समय में फटॉग्रफी का काम कर सकते हो।' मित्र की बात मानकर लड़के ने एक प्रकाशक के पास रुपयों के साथ ही फटॉग्रफी की पुस्तक के लिए मांग भेज दी। प्रकाशक ने लड़के के पास फटॉग्रफी के बजाय आवाज की बाजीगरी की पुस्तक भेज दी। लड़के ने पुस्तक को देखकर सोचा कि इस पुस्तक से उसे कोई भी काम नहीं मिल पाएगा न ही इससे वह कुछ सीख पाएगा। कुछ दिन तक वह पुस्तक यूं ही रखी रही। आखिर एक दिन लड़के ने पुस्तक पढ़नी आरंभ कर दी। पुस्तक पढ़ने के बाद लड़का बेहद प्रभावित हुआ। उसने पुस्तक के अनुसार आवाज की बाजीगरी करनी आरंभ कर दी। वह दिन प्रतिदिन अभ्यास करता रहा और उसकी आवाज में जादू उत्पन्न होता गया। इसके बाद उसने यही काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद तो उस लड़के की आवाज की बाजीगरी का जादू ऐसा चला कि आगे चलकर यही लड़का प्रसिद्ध मनोरंजनकर्ता एडगर बर्गेन के रूप में प्रसिद्ध हुआ। एडगर बर्गेन चालीस साल से अधिक समय तक चार्ली मैककार्थी नाम के कठपुतले से बेहद प्रसिद्ध हुए। इतना ही नहीं, उनका शो इतना प्रसिद्ध था कि लोगों में उसे देखने के लिए होड़ लग जाती थी।



**WORK FROM PHONE**

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

नंद किशौर चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)
**हिसार, हांसी से वृंदावन-मथुरा धार्मिक बस यात्रा**
कोकीलावन, बरसाना, गौकुल, गौवर्धन, रमन रेती, निधिवन, प्रेममंदिर, आगरा
यात्रा आरम्भ 14 दिसंबर 2023
यात्रा वापसी 18 दिसंबर 2023
यात्रा शुल्क 1800 रु आना जाना दो रात रुकना
चलने का स्थान अग्रसैन भवन
सांय 10:00 बजे
ऑटो-रिक्शा व अन्य टिकट यात्री को स्वयं देना होगा
नोट : 5 साल से ज्यादा उम्र के बच्चे का पुरा किराया लगेगा।
अभी कॉल करें : 9467158925, 9017983609

# बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा में 10 दिसम्बर को मनाया जाएगा धन धन श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश गुरुपर्व



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** प्रथम पातशाही धन धन श्री गुरुनानक देव जी महाराज का 555 वां प्रकाश गुरुपर्व 10 दिसंबर को स्थानीय पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा की एक बैठक कमेटी के प्रधान सुबेदार हरमिंद्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुद्वारा साहिब के प्रांगण में हुई बैठक में लिए निर्णय को कमेटी के महासचिव भूपेन्द्र पाहवा ने विस्तार से बताया कि प्रथम पातशाही गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश गुरूपर्व से पूर्व , गुरु घर में 8 दिसंबर को गुरुद्वारा साहिब में गुरुघर से जुड़ी साध संगतों के बीच श्री अखंड पाठ प्रारंभ होगा। 10 दिसंबर को विधिवत रूप से श्री अखंड पाठ साहिब का भोग होगा। इसके उपरांत गुरुघर में पहुंचे रागी जत्थे शब्द कीर्तन के माध्यम संगतों को निहाल करेंगे। इसके उपरांत गुरूघर से जुड़े सेवादारों को गुरुघर का सिरोपा भेंट किया जाएगा। समापन अवसर पर गुरुद्वारा के हैड ग्रन्थि द्वारा सरबत की भलाई की अरदास होगी। अरदास उपरांत संगतों में गुरू का अटूट लंगर बरताया जाएगा। बैठक में प्रबंधक कमेटी के प्रधान सूबेदार हरमिंद्र सिंह, महासचिव भूपेन्द्र पाहवा के अतिरिक्त, सरदार मखन सिंह, स्वर्ण सिंह, अजय पाहवा कोषाध्यक्ष, सरदार गुरमीत सिंह नीटू, चंद्र भान गांधी (प्रधान चारों धाम पार्क) डॉ दवेंद्र नानकी, कुलदीप सिंह गावड़ी, रणजीत सिंह जुनेजा, डॉ लख पाल सिंह, हरपाल सिंह, सुरजीत सिंह चावला, राज कुमार ठाकुर, सौरभ सिंह गिरधर, इंद्र जीत सिंह, अविराज सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

**DHANWANTARI**
**Ayurvedic Centre**
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुड़ाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
müse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन गांव लाडवी, असरावां, शिकारपुर, गैबीपुर, खोखा तथा भैणी बादशाहपुर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा दूसरे दिन शुक्रवार को गांव लाडवी, असरावां, शिकारपुर, गैबीपुर, खोखा तथा भैणी बादशाहपुर में पहुंची। वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने असरावां, जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह ने गांव शिकारपुर, सीमा गैबीपुर ने गांव गैबीपुर तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने गांव लाडवी में यात्रा के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टालें लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने असरावां में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। ऐसे व्यक्ति जो सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, उन्हें स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

गांव शिकारपुर में जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

गांव गैबीपुर में सीमा गैबीपुर ने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र तथा हरियाणा सरकार जनता के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा निरंतर जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही है, ताकि लोग इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सके। केंद्र तथा राज्य सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। इस यात्रा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 57 रथ शामिल किए गए हैं, ताकि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि यात्रा लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है।

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने गांव लाडवी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हरियाणा एक-हरियाणवी एक नारे को चरितार्थ करते हुए सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने क्षेत्र में नशा बेचने वाले की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि नशे की बिक्री को रोका जा सके। सूचना देने वाले के नाम को गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। जन संवाद कार्यक्रमों में वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना। कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के लोक कलाकारों द्वारा केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर तैयार किए गए गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों, प्रतिभावान खिलाड़ियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत करवाई गई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और पात्र लोगों की वृद्धावस्था पेंशन बनवाकर उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। शनिवार 2 दिसंबर को गांव सीसवाल, मोहब्बतपुर, संदलाना, खरकड़ा, मंगाली आकलान, नलवा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू, खंड विकास अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल, मनोज लम्बोरिया, सरपंच निहाल सिंह, सरपंच पवन मेहता, ओमप्रकाश, ग्राम सचिव सुशील कुमार, कानूनगो ओमप्रकाश, जिला पार्षद कमलकांत, बीडीसी सदस्य राजेश कुमार, तहसीलदार रामनिवास भादू, श्याम सुंदर वर्मा, सीमा गोदारा, सरपंच राजवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त गीता भारती ने स्वामित्व योजना के तहत राजस्व रिकॉर्ड को दुरूस्त करने की दी हिदायत

### रजिस्ट्रियों से संबंधित शिकायतों व समस्याओं को 31 दिसंबर तक निपटाने के दिए निर्देश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** मंडलायुक्त गीता भारती ने स्वामित्व योजना के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिले के गांवों में लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली सभी प्रॉपर्टियों के लिए राजस्व रिकॉर्ड को दुरूस्त करने तथा रजिस्ट्रियों से संबंधित शिकायतों व समस्याओं का 31 दिसंबर तक निपटान करने की हिदायत दी है। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना को लेकर आयोजित वीसी के उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्रों में भू-मालिकों की भूमियों की रजिस्ट्रियों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए पटवारियों एवं ग्राम सचिवों की रिपोर्ट के आधार पर जमीन का सही मापन किया जाए। इसके लिए उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को शिकायतों की जांच करने, पंचायती जमीन, ड्रोन सर्वे, पैतृक भू-संपत्ति के बंटवारे, मैपिंग संबंधी कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना से लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक, ऋण व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। स्वामित्व योजना का उद्देश्य गांव में बसे हुए ग्रामीण परिवारों के मालिकों को अधिकारों के रिकॉर्ड/संपत्ति कार्ड प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि ग्राम आबादी में व्यक्तिगत संपत्तियों, सरकारी संपत्ति, गलियां, खुले भूखंड आदि की पहचान और सर्वेक्षण किए जाने वाले संपत्ति क्षेत्रों की सीमाओं का चिन्हांकन हेतु सर्वे टीमें गठित की गई है। बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह ने राजस्व विभाग को जिले के गांवों ग्रामीणों की जमीन संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए ग्राम सचिवों व पटवारियों की अपने-अपने कार्य क्षेत्रों के ग्राम सचिवालयों व पटवार खानों में डयूटियां निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वामित्व योजना के तहत स्टॉल लगाई गई हैं। यात्रा के अंतर्गत आने वाले लोगों की जमीनी संबंधी समस्याओं के लिए विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। बैठक में हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, हांसी के एसडीएम मोहित महराणा, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अग्रोहा मेडिकल में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

### जागरूकता ही एड्स से बचाव का सर्वोत्तम उपचार : जगदीश मित्तल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर एड्स के प्रति जागरूकता फैलाई गई जिसमें एमबीबीएस, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की ओपीडी में किया गया जिससे आम लोगों को एड्स के प्रति फैली धारणाओं और भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के महासचिव जगदीश मित्तल व निदेशक डॉ अलका छाबड़ा ने कहा कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जिसे लेकर समाज में काफी भ्रांतिया हैं। एक चिकित्सक होने के नाते ये हमारा कर्तव्य है कि हम समाज को जागरूक कर सही दिशा दें। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज इस दिशा में प्रयासरत है और समाज को जागरूक करने के अपने दायित्व को बखूबी निभा रहा है। इस दौरान एमबीबीएस विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका के जरिए एड्स के प्रसार, फैलाव, होने के कारण, लक्षणों, उपचार व बचाव को लेकर उपस्थित जनमानस को जागरूक किया गया। वही महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच एड्स जागरूकता को लेकर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, रंगोली, फेस पेंटिंग जैसी विधाओं का आयोजन प्रतिस्पर्धा के तौर पर किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से एड्स के विभिन्न पहलुओं को बखूबी कागजों और चेहरों पर उकेरा। प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर, नारे, रंगोली और फेस पेंटिंग का अवलोकन महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के महासचिव जगदीश मित्तल ने किया और प्रतिभागियों से उनके द्वारा बनाए गए पोस्टर्स पर जानकारी ली। इसके साथ ही कॉलेज महासचिव जगदीश मित्तल ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को नशे और इस प्रकार की गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक कर समाज को नई दिशा दी जा सकती है जो आने वाले वक्त में एक स्वस्थ व विकसित समाज की मजबूत नींव बनेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी से बचाव का सर्वोत्तम उपाय उसके प्रति जागरूक होना ही है और जागरूकता ही एड्स से बचने का सबसे उचित व कारगर उपचार है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी, शिक्षक और समाज का अग्रणी तबका मिलकर कदम बढ़ाएंगे तो समाज बेहतरी की दिशा में स्वयं ही गतिमान हो जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में निदेशक प्रशासन डॉ आशुतोष शर्मा, एमएस डॉ राजीव चौहान, डॉ भारती अरोड़ा, डॉ आरके गोयल, डॉ शमशेर मलिक, डॉ हरेंद्र, डॉ संदीप राणा, डॉ दीपक, डॉ इशिता, डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ निधि अग्रवाल, डॉ अनुपमा, डॉ अतुल, डॉ राजबीर, डॉ शिक्षांक, डॉ शालू, मुस्कान व सभी अधिकारी, विद्यार्थी और मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

## गीता जयंती पर एक मिनट-एक साथ गीता पाठ 23 को



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** श्रीकृष्ण कृपा परिवार, विकास नगर के तत्वाधान में तथा गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के सान्निध्य में सत्संग सभा का आयोजन किया गया। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे गीता जयंती पर एक मिनट एक साथ गीता पाठ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस दिन श्रीमद्भवत गीता के तीन श्लोक प्रथम, मध्य व अंतिम श्लोक का एक साथ उच्चारण करेंगे। इसके लिये स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संकल्प करवाया। इसके बाद सेक्टर 14 स्थित बुधला संत मंदिर में गीता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रुप में केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने भाग लिया। अध्यक्षता मेयर गौतम सरदाना ने की। इस अवसर पर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई, जिला परिषद सदस्य स्वामी दर्शन गिरी महाराज, समाजसेवी मनोज अग्रवाल, सतपाल गर्ग, गौशालाओं की ओर से गौभक्त राजेन्द्र गावडिया, सत्यप्रकाश राजलीवाला, नरेश सिंगल मंगालीवाला, ब्रह्मानंद, संजय बुड़ाकिया, संजय डालमिया, विजय गावडिया, विक्रम गर्ग सीए, राजगुरु मार्किट एसोसिएशन से टीनू आहुजा, बुधला संत मंदिर से राजकुमार सेतिया, पीएलए वैलफेयर सोसायटी से रवि मेहता, हरि सेवा मंडल व गायत्री परिवार से डॉ. सौरभ मुंजाल, विकास नगर सोसायटी से राजेन्द्र चहल व सचिव रामदास चावला, भूमि आश्रम से मुकेश जांगड़ा, पतंजलि समिति से ईश आर्य व जी. सी. नारंग, शिक्षा जगत से डॉ. इंदु शर्मा, एसपी चौधरी, मोनिका चुघ, राजपाल सिंधु, सैनी सभा से बलवंत सैनी,, न्यू ग्रेन मार्किट, ऑटो मार्किट एसोसिएशन, सेक्टर 14 व 33 से नरेन्द्र चड्ढा, भारत मेहता, प्रवीन पोपली, पवन सिंगला, धर्मेन्द्र मलिक, संजय ग्रोवर, लव कुमार सेठी, अमर सिंह यादव, आशीष मेहता आदि उपस्थित रहे। श्रीकृष्ण कृपा परिवार के सदस्य डी.एन.बैनीवाल, सतीश मेहता, हरिसिंह बैनीवाल, संजय ढींगड़ा, महेश सचदेवा, पवन सिंगला, कृष्ण कपिल, एसडी ठकराल, नितिन असीजा, नरेश मदान, विजय महाजन, डॉ. एस.एस. डुडेजा, संजय ग्रोवर, संजय गाबा, जितेन्द्र नागपाल, पारुल राजपाल, आशु असीजा आदि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन मोनिका चुघ व मुस्कान मेहता ने किया।

## शहरों में एक सप्ताह चलाया जाएगा सघन स्वच्छता अभियान : उपायुक्त

### कहा, कार्य में कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** जिले के शहरी क्षेत्रों में अगले एक सप्ताह तक सघन स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर दिशा-निर्देश जारी किए। वीसी उपरांत उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शहरों का कूड़ा डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचे। उन्होंने नगर पालिकाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह बाद शहरों के किसी भी स्थान, मोहल्ले, गलियों व सड़कों पर कूड़ा दिखाई नहीं देना चाहिए। इसके लिए सभी पार्षदों तथा आम नागरिकों का सहयोग लेते हुए जोरदार तरीके से अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका तथा नगर परिषद में पहले से ही मौजूद संसाधनों का प्रयोग करते हुए यह अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। अगर किसी कार्य में कोताही बरती गई तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारियों को फील्ड में उतारा जाए।

**विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा को लेकर लिया फीडबैक**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा को लेकर भी उपायुक्त से कार्यक्रम बारे में फीडबैक लिया। उपायुक्त ने बताया कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। हर जगह पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी देने के साथ-साथ लोगों का पंजीकरण करने के लिए भी डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं।

बैठक में हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, सीईओ जिला परिषद अश्वीर नैन, नगर निगम संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, जिला सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी अधिकारी अखिलेश, सीएमओ डॉ रत्ना भारती, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी में अखण्ड पाठ शुरु, प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में कीर्तन व मेडिकल कैम्प 3 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** श्रीगुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी, मौहल्ला डोगरान में 3 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में आज प्रातः 8 बजे श्रीअखण्ड पाठ साहिब आरंभ किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी के प्रधान गोबिंद बेदी, भाई चरणजीत, भाई जोगी, भाई सुरेन्द्र, गुलशन, पाली, हरीश, अनिल बेदी, जगदीश सेठी, हरीश सेठी, संतलाल, कालू, अनिल सेठी, सतीश कुमार, देवकानंदन, दीपक, गिन्नी, अनूप, संदीप, जुगनू, अजय, राजू पीपे वाला, टीटू, संजय गोबिंद डिग्गा, मनोज, साईंदास, किशनलाल डिग्गा, सुरेन्द्र डिग्गा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। तीन दिनों तक चलने वाले उत्सव की जानकारी देते हुए गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि 2 दिसम्बर को सायं 4 से 6 बजे तक स्त्री सत्संग, रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक बीबी सिमरन कौर लुधियाना वाले व भाई कुलविन्द्र सिंह हजूरी रागी श्रीआनंदपुर साहिब कीर्तन व सत्संग से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। पर्व के अंतिम दिन 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे श्रीअखण्ड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा। प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रागी जत्थे श्रीगुरु नानक देव के जीवन पर शब्द कीर्तन करेंगे। कार्यक्रम की समाप्ति पर अरदास के साथ अटूट लंगर चलाया जाएगा।

**मेडिकल कैम्प में कई डॉक्टर देंगे सेवाएं**

गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि प्रकाश उत्सव के अंतिम दिन 3 दिसम्बर को गुरुद्वारा परिसर में प्रातः 9 बजे निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में जनरल सर्जन डॉ. जतिन बेदी, एमडी मेडिसन डॉ. दिशा बेदी व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा मेहता रोगियों का निरीक्षण करेंगे व निःशुल्क दवाइयां देंगे।



# एड्स से जानकारी ही बचाव है, स्वयंसेवक लोगों को करें जागरूक : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के प्रति किया जागरूक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र कल्याण निदेशालय के रेड रिबन क्लब व राट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन, जिला हिसार डॉ. रतना भारती व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. मुकेश कुमार मौजूद रहें। साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में नागरिक अस्पताल, हिसार में ब्लड बैंक के एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में युवाओं को एचआईवी, एड्स से बचाव रखने और नशे से दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोगों को एचआईवी व एड्स की जानकारी, लक्षण, इलाज व परहेज सहित अन्य जानकारियों से रूबरू करवाने के लिए विश्व एड्स दिवस को हर साल मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि एड्स कोई संचारी रोग नहीं है, यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्तियों में हस्तांतरण नहीं होता। जबकि यह ऑर्गन डोनेट करने, ब्लड डोनेट करने के समय एड्स प्रभावित डोनर के द्वारा जन्म के समय मां से सीधा बच्चे में फैलता है। जबकि मां से सीधा बच्चे में जाने के चांसेस भी एक प्रतिशत होते हैं। एड्स प्रभावित व्यक्ति में इम्यूनिटी कम हो जाती है जो कि हमारे रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म कर देती है। एचआईवी-1 वायरस इनफेक्शन है, इसकी अलग-अलग तीन स्तर होते हैं। पहली स्तर में इसके लक्षण दिखाई देते हैं, कोई भी छोटी सी बीमारी बड़ा रूप धारण कर लेती है, जैसे कि साधारण सा जुकाम भी प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण ठीक नहीं हो पाता। एचआईवी प्रभावित व्यक्ति को जल्दी टेस्ट करवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के विश्व एड्स दिवस का विषय आओ समुदायों का नेतृत्व करें है। जिसका अर्थ है कि सर्वप्रथम हमें स्वयं को जागरूक होना होगा, उसके बाद दूसरे समुदायों को भी साथ लेकर एचआईवी, एड्स व नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना होगा। तभी हम वैश्विक महामारी एड्स का खात्मा कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्यातिथि ने कहा कि एचआईवी व एड्स के प्रति जानकारी प्राप्त करना जरूरी है। तभी हम स्वयं को व समाज को इस जानलेवा बीमारी से बचा सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेटों से आह्वान किया कि वे समय-समय पर जागरूकता अभियान के द्वारा उपरोक्त बीमारियों के प्रति दूसरों को सचेत करते रहें।

विशिष्ट अतिथि डॉ. रतना भारती ने बताया कि जैसे-जैसे हमारा देश उन्नति के पथ अग्रसर है वैसे-वैसे हमारे युवा नशा रूपी दलदल में फंसता जा रहा है। युवा नशे का आदी होता जा रहा है। अगर वह नशे के लिए पूंजी का प्रबंध नहीं कर पाता है तो वह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से भी नहीं कतराता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में हमारे समाज के शिक्षित वर्ग को आगे आने की जरूरत है ताकि वे समाज से नशे को जड़ से उखाड़ने में मदद कर सकें। उन्होंने बताया कि अगर किसी कारणवश युवा किसी प्रकार के नशे का आदी हो चुका है तो सर्वप्रथम स्वयं की या उसके साथी की जिम्मेदारी होती है कि वह नशे के दुष्परिणामों से अवगत हो, साथ ही समीपवर्ती नागरिक अस्पताल, हिसार में चिकित्सकों से संपर्क कर अपना इलाज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर आयु के वर्ग के लोगों को समय-समय पर अपने रक्त की जांच करवानी चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ. सुशील गर्ग ने एचआईवी व एड्स के बीच अंतर, विभिन्न चरणों, लक्षणों, इलाज संबंधित अनेक जानकारियां डोक्यूमेंट्री के जरिए सभी से साझा की। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लोगों खासतौर पर हमारे युवाओं को एचआईवी-एड्स के बीच अंतर को बारीकी से समझना होगा। पहली बार 1988 में चिह्नित किया गया था। वहीं साल 1996 में एचआईवी एड्स पर संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक स्तर पर प्रचार और प्रसार का काम संभालते हुए साल 1997 में विश्व एड्स अभियान के तहत संचार, रोकथाम और शिक्षा पर कार्य करना शुरू किया। जिसके बाद से दुनिया भर में विश्व एड्स दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे विश्व में 8 करोड़ लोग एचआईवी से ग्रस्त हो चुके हैं, जबकि भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़े 2022 के अनुसार करीब 23.4 लाख लोग एचआईवी से ग्रस्त मिले हैं, जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कोई भी एचआईवी-एड्स से ग्रस्त होता है तो वे अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा कर नागरिक अस्पताल में जाकर इलाज करवाएं। साथ ही शिक्षकों, चिकित्सकों सहित अन्य बुद्धि-जीवी वर्गों को इन बीमारियों पर सार्वजनिक मंच पर बात करने और इनसे छुटकारा पाने के लिए अहम जानकारियों को जुटाने की जरूरत है। मुख्य वक्ता ने एड्स से ग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए एआरटी सेंटर सहित हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, सहायता राशि, 1097 हेल्पलाइन नंबर, एनएसीओ डॉट एआईडीएस डॉट एप, टीच एड एप से संबंधित अहम जानकारियां भी सभी से साझा की।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि कृषि महाविद्यालय में मौसम विभाग के एसोसिएट डीन डॉ. मदन खिचड़ ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। साथ ही मंच संचालन छात्रा किरण ने किया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल, हिसार से एमओ डॉ. अक्षय दूहन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय व इससे जुड़े सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, शोधार्थी सहित भारी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे, जबकि यूथ रेडक्रॉस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चंद्रशेखर डागर व राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनसीसी, एनएसएस सहित अन्य वॉलंटियर्स ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# राजकीय महाविद्यालय, नलवा में 'वर्ल्ड एड्स डे' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जागरूकता अभियान में मौजूद प्राचार्या डॉ कमलेश दूहन, अन्य स्टाफ सदस्य व छात्रगण।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** राजकीय महाविद्यालय, नलवा में वर्ल्ड एड्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ कमलेश दूहन की अध्यक्षता में विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अवेयरनेस लेक्चर में छात्रों को एचआईवी-एड्स के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। वृक्ष बंधन गतिविधी के दौरान छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर के वृक्षों को लाल रंग के रिबन से बांध कर सजाया। पोस्टर मेकिंग गतिविधी की विषय वस्तु एड्स एचआईवी और ब्लड डोनेशन रही। इस दौरान छात्रों के साथ एचआईवी एड्स की हेल्पलाइन नंबर को साझा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ कमलेश दूहन ने छात्रों को अनुशासित और संयमित जीवन की महता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया की वे समाज में इस गंभीर विषय पर जागरूकता फैलायें ताकि समाज को इससे बचाया जा सके। इस अवसर पर रेड रिबन/ रेड क्रॉस कनवीनर श्रीमति मीना पानू व अन्य स्टाफ सदस्यों में डॉ मीनाक्षी, श्रीमती सरोज, अनिल कुमार, डॉ विनोद गिल, राजीव कुमार, डॉ सीमा आदि मौजूद थे।

# ओ.एस.जी.यू. में विश्व एडस दिवस पर फ्री हैल्थ चैकअप कैंप और निकाली जागरूकता रैली



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विश्व भर में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के हैल्थ साईंस विभाग में फ्री हैल्थ चैकअप कैम्प लगाया गया। एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर और आस-पास के गांवों में जागरूकता रैली निकाली गई और एड्स से बचाव के नारे लगाये गए। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ अजय पोदार ने बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य हर उम्र के लोगों के बीच इस बीमारी के बारे में जागरूकता लाना है। उन्होने कहा कि ओएसजीयू में समय-समय पर विभिन्न बीमारियो और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों के डीन, इंचार्ज, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# खेडी बर्की स्कूल में मनाया गया विश्व एड्स दिवस




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी बर्की में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। स्कूल प्राचार्य जगदीश बैनीवाल ने बताया विद्यालय में एड्स विषय पर भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक गजानंद शर्मा, सुरेश कुमार, महावीर सिंह, हवा सिंह, कुसुम बजाज, आंचल वर्मा, सतनारायण, बलबीर सिंह यादव, कांता रानी, गीता यादव सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद थे।

## राजेश हिन्दुस्तानी ने मनाई राजीव दीक्षित की जयंती व पुण्यतिथि

# राजीव दीक्षित ने स्वदेशी व आयुर्वेद का किया प्रचार प्रसार : हिन्दुस्तानी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** जागो मानव-बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी ने रामपुरा मोहल्ला स्थित मां गंगा देवी हिन्दुस्तानी जन सेवा मिशन कार्यालय में देशभक्त राजीव दीक्षित की जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर हिन्दुस्तानी ने कहा कि राजीव दीक्षित ने स्वदेशी वस्तुओं और आयुर्वेद का प्रचार किया। आज उन जैसे देशभक्तों की देश को बेहद जरूरत है। वहीं राजेश हिन्दुस्तानी ने महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें याद किया। हिन्दुस्तानी ने बताया कि जगदीश चन्द्र बोस ने पेड़-पौधों में भी जीवन है यह साबित किया था। इस अवसर पर बीरो, पाना, अंगूरी, कृष्णा, रमेश, मोधू, दिनेश, सज्जन व साहिल आदि मौजूद रहे।

# चार दिसंबर को रोहतक में जुटेंगे समाज के लोग, सरकार को कराएंगे ताकत का एहसास

## जेजेपी-बीजेपी गठबंधन सरकार ने किया ओबीसी वर्ग के हितों पर कुठाराघात : चंद्रप्रकाश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रप्रकाश ने कहा है कि हरियाणा में पिछले नौ वर्षों से सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की जनविरोधी कार्यशैली से प्रदेश की जनता में भारी रोष है। सरकार की हवा-हवाई नीतियों से प्रदेश के गरीब व मध्यम वर्ग को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। देश प्रदेश में धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की समस्या, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सरकार की बेरुखी तथा विभिन्न प्रकार के पोर्टलों पर आने वाली समस्याओं से आम जनता बहुत परेशान है। यही कारण है कि लोग आज भी चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस के शासनकाल में लिए गए जनहितकारी फैसलों व उनसे जनसाधारण को हुए लाभ को याद करते हुए कांग्रेस को एक बार फिर सत्ता सौंपने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने अपने शासनकाल में ग्रुप ए तथा बी की सभी प्रकार की सरकारी नौकरियों में ओबीसी ए वर्ग के लिए 10 प्रतिशत तथा ओबीसी बी वर्ग अलग से 5 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया था और इस आरक्षण का लाभ केंद्र की तर्ज पर सभी पात्र उम्मीदवारों को मिलने लगा था। लेकिन वर्तमान भाजपा-जजपा सरकार ने ओबीसी क्रीमीलेयर में आमूलचूल परिवर्तन करके इस वर्ग को उनके हक से वंचित कर दिया है। इसके कारण समाज के लोगों में भारी रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के हितों का मंथन करने तथा उन्हें उनका जायज हक दिलाने की दिशा में रणनीति बनाने के लिए हरियाणा कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं तथा प्रदेश में कार्यरत ओबीसी वर्ग के सभी संगठनों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों का रोहतक के आईटीआई मैदान में चार दिसंबर को सुबह 10 बजे एक दिवसीय सम्मेलन करने का निर्णय लिया है, जिसमें कांग्रेस के संघर्षशील, मिलनसार व युवा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे इस सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेते हुए सरकार को अपनी एकता व ताकत का एहसास कराएं।

# आदमपुर बहुतकनीकी में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## जागरूकता से ही एड्स पर अंकुश संभव : डॉ. जयप्रकाश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 2 दिसम्बर :** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में विश्व एड्स दिवस पर आज जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल नागरिक अस्पताल से डॉक्टर जयप्रकाश व काउंसलर मंजीव व भारत उपस्थित रहे। जागरूकता सेमिनार के दौरान उन्होंने बताया बताया कि इस बीमारी की वजह से शरीर सामान्य बीमारियों से लड़ने में असक्षम हो जाता है। एड्स के बारे में भ्रांतियों जैसे खांसी, भोजन, स्पर्श से एड्स होना गलत बताया। इन आधारों पर एड्स रोगी के साथ में भेदभाव किया जाना है अमानवीय है। छात्रों ने इस अवसर पर रेड रिबन का लोगो बनाकर इस वर्ष की थीम 'समुदायों को नेतृत्व करने दें' को मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शित किया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डा राकेश शर्मा ने भी एचआईवी के बारे में बताया। प्राचार्य डा कुलवीर सिंह अहलावत ने अपने संदेश में कहा कि छात्रों को एड्स के बारे ने समाज को जागरूक करने का कर्तव्य बनता है। कार्यक्रम में प्राध्यापक दिनेश यादव व पारुल शर्मा, ग्रुप लीडर निशांत सहित एनएसएस के सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# हिसार सचिवालय पर प्रदर्शन कर रहे विकलांग ज्ञापन देने डीसी कार्यालय में घुसे, सौंपा ज्ञापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा के आह्वान पर अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस को लेकर पूरे हरियाणा में विकलांगों ने 1 दिसम्बर मांग दिवस के तौर पर मनाया और जिला प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। हिसार सचिवालय पर धरना दे रहे विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की शहर कमेटी ने इंतजार करने के बाद जब कोई धरने पर प्रशासनिक अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा तो नाराज विकलांग प्रदर्शन करते हुए सचिवालय के अंदर घुस गए। पुलिस प्रशासन के साथ नोंकझोंक हुई। विकलांगों को आता देख पुलिस प्रशासन ने सचिवालय के अंदर का दरवाजा बंद कर लिया। सचिवालय के नीचे बैठे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे विकलांगों के बीच एसडीएम ज्ञापन लेने आए तो गुस्साय विकलांगों ने मना कर दिया, कहा कि हम उपायुक्त को ही अपना ज्ञापन देंगे क्योंकि विकलांगों के लिए प्रशासन द्वारा गठित कमेटी के अध्यक्ष हैं, उपायुक्त विकलांगों का ज्ञापन लेने की बजाय सचिवालय से बाहर गाड़ी लेकर निकल गए जिसके कारण विकलांगों का गुस्सा और बढ़ गया। पुलिस प्रशासन द्वारा काफी मशक्कत के बाद विकलांगों ने अतिरिक्त उपायुक्त के साथ बात करने की हां भरी। विकलांग मंच का सचिव मंडल अतिरिक्त उपायुक्त से मिला और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा, तमाम बातचीत होने के बाद 7 दिसम्बर को सम्बंधित अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक विकलांगों की करवाने पर फैसला हुआ और राज्य स्तरीय मांगें मुख्यमंत्री को भेजने की हां भरी है। मंच के राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली ने प्रशासन को बातचीत के दौरान बताया कि विकलांग अधिकार मंच हरियाणा इस पत्र के मार्फत हरियाणा में विकलांगों की लंबित मांगों की तरफ आपका ध्यान करवाना चाहता है और कहना चाहता है कि हरियाणा में विकलांगों की आबादी 15 लाख से अधिक है, जिसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। इस समय बड़ी आबादी सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है जिनको लेने के लिए विकलांगों को बार-बार सडक़ों पर उतरना पड़ता है। पेंशन प्राप्त विकलांग की 80 प्रतिशत आबादी पेंशन पर गुर्जर बसर कर रही है। परिवार पहचान पत्र के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य सुविधा लेने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण विकलांग जन भिक्षावृति और मानसिक रोगी की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। विकलांगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए हरियाणा सरकार ने कुछ ठोस कदम उठाने होंगे, तभी हरियाणा का विकलांगजन मान सम्मान और गरिमा पूर्ण जीवन जी सकेगा। इसलिए विकलांग अधिकार मंच हरियाणा 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के मौके पर अपनी मांगों की तरफ प्रशासन व सरकार का ध्यान दिलाना चाहता है।

धरना प्रदर्शन में ऋषिकेश राजली, संदीप हिसार, सहदेव सिहाग, मैडम पंकज शर्मा, मैडम मीनू सिंगला, मैडम सुनीता, सुशील मिल गेट, गजेसिहं, कृष्ण गंगवा, सुरेन्द्र योग नगर, औमप्रकाश, बजरंग वर्मा, किसान सभा से सुरेन्द्र मान, आनंद देव सांगवान, बलराज, सूबेसिंह बूरा आदि रहे।

### विकलांग अधिकार मंच की मुख्य मांगें:-

1. विकलांग अधिकार अधिनियम 2016 लागू करो।
2. विकलांग पेंशन 5000 रुपये मासिक लागू करो।
3. विभागों में विकलांगों के रिक्त पदों को विशेष भर्ती निकालकर जल्द भरा जाए।
4. रेडक्रॉस द्वारा जरुरतमंद सभी विकलांगों को आधुनिक कृत्रिम अंग दिए जाएं।
5. स्वयं रोजगार के लिए 5 लाख का बिना ब्याज सरल प्रक्रिया में ऋण दिया जाए।
6. मनरेगा में 200 दिन का काम और 600 रुपये दिहाड़ी दी जाए।
7. फ्री इंकम टैक्स विकलांगों के बीपीएल राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड लागू करो।
8. सभी विकलांगों के 40 प्रतिशत विकलांगता पर फ्री बस पास, रेल पास और पेंशन लागू की जाए।
9. जरुरतमंद सभी विकलांगों को ई-स्कूटी दी जाए।
10. फ्री शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास का प्रबंध किया जाए।

# ए.सी.बी. पुलिस स्टेशन बावजूद सामान्य पुलिस थानों की अधिकारिता कायम

## महिला पुलिस थाना नोटिफिकेशन में किया जाता है स्पष्ट उल्लेख : हेमंत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 2 दिसम्बर :** सवा 6 वर्ष पूर्व अगस्त, 2017 में हरियाणा सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन मार्फ़त प्रदेश के सात ज़िलों- अम्बाला, हिसार, गुरुग्राम, रोहतक, पंचकूला, करनाल और फरीदाबाद में स्थित कार्यालय पुलिस अधीक्षक (एसपी), राज्य चौकसी (विजिलेंस) ब्यूरो को सम्बंधित 2 से 5 जिलों के लिए उक्त नोटिफिकेशन की अनुसूची 2 में दर्शाये गए अपराधों के प्रयोजन हेतु दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1973 की धारा 2 (एस) में पुलिस स्टेशन घोषित किया गया था।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि इसी वर्ष 13 फरवरी 2023 को हरियाणा सरकार ने स्टेट विजिलेंस ब्यूरो का नाम बदलकर एंटी-करप्शन ब्यूरो ( एसीबी) कर दिया हालांकि इस सम्बन्ध में उपरोक्त अगस्त, 2017 की प्रदेश में विजिलेंस पुलिस स्टेशन घोषित करने संबंधी नोटिफिकेशन में विजिलेंस का नाम बदलकर एसीबी संबंधी उपयुक्त संशोधन नहीं किया गया है।

बहरहाल, जहाँ तक अम्बाला ज़िले का विषय है तो यहाँ स्थित एसपी, एसीबी कार्यालय अंतर्गत तीन ज़िले - अम्बाला, कैथल और कुरुक्षेत्र पड़ते हैं।

हिसार पुलिस अधीक्षक, एसीबी के अधीन हिसार,सिरसा, चरखी दादरी, भिवानी और फतेहाबाद पांच ज़िले पड़ते हैं। इसी प्रकार गुरुग्राम एसपी, एसीबी के अंतर्गत गुरुग्राम, नारनौल, रेवाड़ी और मेवात (नूहं) चार ज़िले हैं जबकि रोहतक एसपी, एसीबी के अधीन रोहतक, सोनीपत और झज्जर तीन ज़िले हैं। पंचकूला के पुलिस अधीक्षक एसीबी के अधीन दो जिले पंचकूला और यमुनानगर, करनाल एसपी, एसीबी के अंतर्गत करनाल, पानीपत और जींद तीन ज़िले एवं फरीदाबाद पुलिस अधीक्षक एसीबी के अधीन फरीदाबाद और पलवल दो ज़िले पड़ते हैं।

हेमंत ने बताया कि हरियाणा में उपरोक्त 7 एसीबी पुलिस स्टेशनों को स्थापित करने संबंधी जारी नोटिफिकेशन की अनुसूची II में भारतीय दंड संहिता (आई.पी.सी.), 1860 के अधीन शामिल 4 दर्जन दंडनीय धाराओं (अपराधों), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट), 1988 के अधीन दंडनीय अपराधों, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 के उल्लंघन से सम्बंधित अपराध और उपरोक्त सभी में वर्णित अपराधों के प्रयत्न (एटेम्पट) के संबंध में अपराधों को दर्शाया गया है।

हेमंत ने इस वर्ष फरवरी, 2023 में प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य सचिव, गृह सचिव, प्रदेश पुलिस के डीजीपी और एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक को अभिवेदन मार्फत अपील की थी कि उपरोक्त एसीबी (पूर्ववत स्टेट विजिलेंस) पुलिस स्टेशन बाबत नोटिफिकेशन में ऐसा स्पष्ट तौर पर उल्लेख नहीं किया गया है कि एसीबी पुलिस स्टेशनों के बावजूद अधिकारिता वाले सामान्य पुलिस स्टेशनों को उक्त अपराधों के पंजीकरण और अन्वेषण की समवर्ती शक्तियां भी जारी रहेंगी। हालांकि आज तक इस सम्बन्ध में उपयुक्त कार्रवाई की जानी लंबित है।

ज्ञात रहे कि गत आठ वर्षो से जब-जब भी प्रदेश में महिला पुलिस स्टेशन स्थापित करने संबंधी गजट नोटिफिकेशन जारी की गयी तो उन सभी में ऐसा स्पष्ट उल्लेख किया गया कि महिला पुलिस स्टेशनों के बावजूद अधिकारिता वाले सामान्य पुलिस स्टेशनों को भी उन सभी आईपीसी में शामिल दंडनीय अपराधों और स्थानीय एवं विशेष कानून के अंतर्गत दर्शाए गये अपराधों के पंजीकरण और अन्वेषण की समवर्ती शक्तियां जारी रहेंगी जिनका महिला पुलिस स्टेशनों की स्थापना सम्बन्धी नोटिफिकेशन में उल्लेख किया गया है।

इसी आधार पर हेमंत ने प्रदेश सरकार को पुनः अपील की है कि राज्य में एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशनों को अधिसूचित करने सम्बन्धी गृह विभाग द्वारा अगस्त, 2017 में जारी एवं मौजूदा लागू नोटिफिकेशन में संशोधन कर स्पष्ट उल्लेख किया जाए कि प्रदेश में 7 अधिसूचित विजिलेंस (अब एसीबी) पुलिस स्टेशनों के बावजूद अधिकारिता वाले सामान्य पुलिस स्टेशनों को सम्बंधित अपराधों के पंजीकरण और अन्वेषण की समवर्ती शक्तियां भी जारी रहेगी।

# रिश्तों के प्रति रहें ईमानदार, नहीं बनोगे एड्स के भागीदार : कैप्टन भूपेंद्र सिंह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** विश्व एड्स दिवस पर हैल्पिंग हैंड वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट हिसार की तरफ से हिसार के नजदीक चिकनववास स्थित सवेरा नशा मुक्ति केन्द्र में एड्स से बचाव और रोकथाम के लिए जागरूकता लाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह वीर चक्र ने शिरकत की तथा अति विशिष्ट अतिथि भाजपा के सब्जी मंडी मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और नशा मुक्ति केन्द्र अध्यक्ष गगन शर्मा एवं सेक्रेटरी सुनील शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हैल्पिंग हैंड वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट की अध्यक्षा और सहकारिता प्रकोष्ठ हरियाणा के लेबरफैडरेशन की प्रदेश सह प्रभारी डॉ ऊषा सिंह ने की और सभी को एड्स से बचाव का संदेश दिया। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन एवं सहकारिता प्रकोष्ठ हरियाणा के लेबर फैडरेशन के प्रदेश प्रभारी राकेश गुलाटी ने किया और मंच का संचालन रीना राठौड़ ने किया। विशेष अतिथि के रूप में आए डॉ देवेन्द्र कुमार ने एड्स के प्रतिकात्मक चिन्ह लाल रिबन को जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह को लगाकर सम्मानित करते हुए सभी को इससे बचाव और रोकथाम का संदेश दिया। लोकेश असीजा एवं सुनील शर्मा ने नशा ना करने की सलाह देते हुए सभी को प्रेरित किया। इसके पश्चात् कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप्टन भूपेंद्र सिंह ने युवाओं को नशे से बचने और एड्स से बचाव और रोकथाम के लिए जागरूकता लाने एवं प्रदेश और देश के प्रत्येक नागरिक तक इस संदेश को पहुँचाने का आह्वान करने के साथ साथ भविष्य में इस प्रकार के और भी कार्यक्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर कैप्टन भूपेंद्र सिंह एवं सम्मिलित हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रश्मि शर्मा, अवनि शर्मा, प्रयाग डोडा, भाजपा के सोशल मीडिया से अनिल कैरो और नशा मुक्ति केन्द्र में उपचार ले रहे सभी रोगी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।। संस्था के वाइस चेयरमैन राकेश गुलाटी ने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और संस्था द्वारा किये जा वर्तमान सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी और भविष्य में किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत चर्चा की।

# लुवास के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा उसके 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के वेटरनरी सभागार में शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर लुवास के पूर्व कुलपति मेजर जनरल डॉ. श्रीकांत शर्मा एस.एम., वी.एस.म मुख्य अतिथि, डॉ. गुरदियाल सिंह एवं डॉ. सतेन्द्र सिंह आर्य सी.ई.ओ. एग्रीकल्चरल स्किल कौंसिल ऑफ़ इंडिया, भारत सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में लुवास के अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर कुलपति लुवास प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने शिक्षा, शोध एवं विस्तार के क्षेत्र में पिछले वर्षो में प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा दिया इसमें मुख्य रूप से सात साल बाद दीक्षांत समारोह का आयोजन, पांच साल बाद वार्षिक पुरुस्कार सम्मेलन का आयोजन, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड को बढ़ावा, डिजिटल पहल के तहत सभी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का डाटा नेशनल अकेडमिक डिपोजिटरी में डीजीलाकर के तहत अपलोड करना, विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट को अकैडमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट अकाउंट के साथ लिंक करना, शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय सहयोग हेतू पांच एम.ओ.यू., 21 अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजना के तहत करोड़ों रूपये की ग्रांट, विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, गायों की भयानक गांठदार त्वचा रोग(एल.एस.डी.) की रोकथाम के लिए हिसार जिले की 50हजार से अधिक गायों का टीकाकरण इत्यादि शामिल है।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे युवा समाज की आवश्यकता है जो नामुमकिन को मुमकिन में बदलने की सोच रखता हो तथा प्रत्येक युवा हर प्रकार की चुनोतियों का सामना करने के लिए तत्पर हो। लुवास के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी को ये प्रण करना है कि भविष्य में हमें लुवास विश्वविद्यालय को नई उचाईयों पर लेकर जाए और इसके लिए हमे अपने-अपने लक्ष्य अवश्य निर्धारित करने चाहिए तथा उन्हें प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जाएं जो तभी सम्भव होंगे जब विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों छात्रों व अन्य वर्गो में एकरूपता, सामंजस्य एवं अनुशासन होगा।

मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. मेजर जनरल डॉ. श्रीकांत शर्मा ने लुवास के कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी साइंस के 75 साल का गौरवशाली इतिहास के बारे में अपना अनुभव सांझा किया तथा आगे विद्यार्थियों को बोला की जीवन में कामयाब होने के लिए सपने देखना जरूरी है और सपनों को हकीकत करने के लिए कड़ी मेहनत बहुत जरूरी है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. गुरदियाल सिंह व डॉ. सतेन्द्र सिंह आर्य ने सभी उपस्थित सदस्यों को लुवास के 14वें स्थापना दिवस की बधाई दी और इस कॉलेज कैंपस में बिताएं जीवन के महत्वपूर्ण पलों को साँझा किया।

इस दौरान इस कार्यक्रम में स्थपाना दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें पोस्टर प्रतियोगिता में स्नातक छात्रों की श्रेणी में प्रथम राकेश कुमार, द्वितीय नसरीन, तृतीय विनय यादव। पोस्ट ग्रेजुएट श्रेणी में प्रथम शिवानी, द्वितीय प्रीती, तृतीय शिविका गुप्ता। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में स्नातक छात्रों की श्रेणी में प्रथम रमन और राकेश, द्वितीय खुशबू और ईशा, तृतीय पूजा और इंदु। पोस्ट ग्रेजुएट श्रेणी में प्रथम शिवानी और प्रीती, द्वितीय गुडिया और कीर्ति, तृतीय संगीत और ऋतिक।

इसके साथ-साथ लुवास के भूतपूर्व अधिकारीयों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था जिसका उपस्थित अतिथियों भरपूर आनंद उठाया।

कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. एस. एस. ढाका ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों के अलावा लुवास के सेवानिवृत वैज्ञानिक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ओपीजेएमएस के 'अनंत जीत' ने जीता सबका दिल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** गत दिवस ओपीजेएमएस के भव्य सभागार में हर्षोल्लास से वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के कक्षा छठी से बारहवीं तक के चार सौ सैंतीस विद्यार्थियों ने गायन -वादन-नृत्य तथा अभिनय के माध्यम से आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुतीदी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय संरक्षिका सम्मानीया श्रीमती सावित्री जिंदल (पूर्व विधायिका, आपदा व राजस्व प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय व आवासीय पूर्व राज्य मंत्री, हरियाणा सरकार) तथा सम्माननीय अतिथि श्री श्रीकांत जाधव (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हिसार मंडल) अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कविता दुआ जाधव (सह-प्राध्यापिका, एच ए यू) ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ में विद्यार्थियों ने सामूहिक मधुर गायन-वादन द्वारा 'कृष्ण-वंदन' में भजनों के मोतियों से सुरों की माला पिरो दी।

मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री जिंदल ने विद्यालय संस्थापक बाऊ जी श्री ओम प्रकाश जिंदल के सपने के साकार रूप को देखकर शिक्षकों व विद्यार्थियों के परिश्रम व लगन की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि विद्यालय-परीक्षा- परिणाम हो या विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, यह सब विद्यालय के प्रत्येक कर्मठ कर्मचारियों की कार्य कुशलता का साक्षी है। उन्होंने अपने अनुभव से उपस्थित अभिभावकों को यह सन्देश दिया कि हमें समय के अनुसार आज की पीढ़ी की भावनाओं को समझने, उनसे सामंजस्य बिठाने तथा उनसे मित्रवत व्यवहार करते हुए उनका मार्ग दर्शन करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर विद्यालय के उभरते किशोर कलाकारों ने श्री कृष्ण के व्यक्तित्व व कृतित्व के प्रेरणात्मक प्रसंगों जैसे इंद्र के अहंकार-भंग, बुराई के प्रतीक कंस का वध,कृष्ण-सुदामा की मित्रता, कृष्ण का शांति-दूत रूप,कुरुक्षेत्र में कृष्ण के गीता-उपदेश आदि को अनंत जीत नृत्य- नाटिका के माध्यम से जीवंत कर उनके विभिन्न स्वरुप को प्रस्तुत किया। इस नैतिक शिक्षा से परिपूर्ण नृत्य-नाटिका को प्रस्तुत करने में विद्यार्थी-कलाकारों का आपसी सामंजस्य, अभिनय क्षमता तथा साज -सज्जा अत्यंत प्रशंसनीय थी जिसे देखकर दर्शक मन्त्रमुग्घ हो गए तथा तालियों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा युवाओं की प्रतिभा व क्षमता की सराहना की।

विद्यालय प्रधानाचार्या नंदिता साहू ने मुख्यअतिथि तथा अभिभावकों की उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्षो से अभिभावकों ने इस विद्यालय के प्रति जो विश्वास रखा है और हर कदम पर धैर्य, समझ व सहयोग द्वारा हमारा साथ दिया है, जिसके कारण ही हम विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके बहुमुखी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहे हैं।

दूरस्थ अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गत वर्ष की भाँति ही इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया।

# डीएवी पुलिस पबिल्क स्कूल में पृथ्वी राज के थीम पर वार्षिकोत्सव, छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** डीएवी पुलिस पबिलक स्कूल हिसार में उत्सव वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। भारत के महान प्रतापी महावीर राज पृथ्वी राज चौहान का थीम रखा गया था। इस मौके पर मुखय अतिथि के तौर पर अतिरिकत पुलिस महानिदेशक माननीय श्रीकांत जाधव और अतिथि के तौर पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा बाइस चेयरमैन श्री अजय अहलावादी, डीएसपी सीएमसी के सदस्य श्री प्रमोद लाबा, श्री देवेद्र उप्पल, श्रीमति सुनीता बहल ने शिरकत की। सर्व प्रथम अतिथि गणों द्वारा मां सरवस्ती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवित के बाद छात्र छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना व डीएवी गान की शान दार प्रस्तुति दी गई। छात्र छात्राओं ने भारत के अनेक राज्यों के लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्ती देकर देश की विविधता में एकता का परिचय दिया। पृथ्वी राज के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें भारत के महान प्रतापी राजा पृथ्पी राज चौहान की बहादुरी और दुश्मन के प्रति दयालुता का भाव लेकिन दुश्मन के सामने कभी न झुकने का संदेश दिया। प्राचार्य डा. इदु शर्मा अतिथियों को पौधापर्ण के साथ अभिननंदन किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने बताया न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी छात्रो ने स्कूल का नाम रोशन किया है। उसके बाद शिक्षण खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्री कांत जाधव ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते उनकी प्रस्तुति की सरहाना की और स्कूल की प्राधानाचार्य की उनके सुव्यस्थित प्रबंधन के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली जीवन का मह्वपूर्ण हिस्सा है जिस तरह से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम मेहनत करते है उसी तरह एक बच्चे को कामयाब बनाने के लिए भी हमे मेहनत करनी पडती है। श्री कांत जाधव ने बच्चों से कहा कि वे अपने माता पिता का आदर सत्कार करे और अपने माता पिता और शिक्षकों के बताए रास्ते पर चले। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के लिए समय निकाले पढाई के साथ साथजीवन मूल्य आवश्यक है। बच्चों को घर में साकारात्मक माहौल प्रदान करे। उन्होंने कहा कि बच्चों में निर्भीकता का भाव होना चाहिए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का भाव प्रबल होना चाहिए तभी आज का युवा समाज में बदलाव ला सकता है। उन्होंने आज के युवा वर्ग को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि हमारा जीवन मूल्य वान है युवा वर्ग में आपार पावर है और युवाओं को अपने इस पावर प्रयोग समाज के उत्थान व देश के विकास में करना चाहिए उसे नशे से दूर रह कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रीत करना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए प्रधानाचार्य ने मुखय अतिथि और अतिथि गण को चिंह देकर सम्मानित किया और अपने कीमती समय से कुछ समय स्कूल को देने के लिए और उत्साहवर्धन के लिए आभार व्यक्त किया।

**Name Change**

I, Nisha W/o Anil Kumar R/o H. No. 1016, Housing Board Colony, Sector 15 A, Hisar, Distt. Hisar, Haryana 125001 declare that I have changed my name from Nisha to NISHA RANI for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Reena Bajaj W/o Sanjeev Bajaj R/o H. No. 77/11B, Near Shivaji Park, Shanti Nagar, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Reena to REENA BAJAJ for all future purpose.

- Deponent

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573



# अग्रोहा मेडिकल क्षेत्र को ओपी जिंदल की अनुपम देन : जगदीश मित्तल

## महासचिव जगदीश मित्तल ने किया मेडिकल का औचक निरीक्षण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**अग्रोहा, 2 दिसम्बर :** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज महासचिव जगदीश मित्तल ने देर रात इमरजेंसी, न्यूरो वार्ड, मेडिसिन वार्ड, जच्चा बच्चा वार्ड, बच्चा वार्ड व अन्य विभागों का औचक निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से मुलाकात की। अपने इस निरीक्षण के दौरान वे व्यस्थाओं से काफी संतुष्ट नजर आए। अपने मेडिकल कॉलेज के दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय बाऊजी ओपी जिंदल ने इस क्षेत्र को यह अनुपम सौगात देकर यहां के लोगों को कृतज्ञ किया है और इस कॉलेज के संचालन में जिंदल परिवार का आज भी अहम योगदान है। जिस प्रकार से संस्था और कॉलेज का पूरा स्टाफ तन्मयता से कार्य कर रहा है वह कहीं ना कहीं ओमप्रकाश जिंदल जी के स्वप्न को साकार करने की दिशा में बेहतर कदम है। इस दौरान उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए मरीजों से बात भी की। मरीजों ने बताया कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में अच्छे डॉक्टर उनकी देखभाल काफी अच्छे से कर रहे हैं जिसके चलते वे जल्द ही स्वास्थ्य लाभ लेने की ओर अग्रसर हैं। इस दौरान उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। जगदीश मित्तल ने नाइट ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों व चिकित्सकों को मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए उचित दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ राजीव चौहान, सीएमओ डॉ बलिंदर, डॉ चिराग आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता के अभाव में लोग एड्स का शिकार हो जाते हैं : डॉ. ढींडसा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 2 दिसम्बर :** जेसीडी विद्यापीठ, सिरसा में स्थित जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब के सौजन्य से विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ. सुधांशु गुप्ता, प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश, रैड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. रमेश कुमार, मदन लाल, राज पवन, अनुराधा ठाकुर सहित सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे। प्राचार्य डा. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व एडस दिवस 1988 के बाद से 1 दिसंबर को हर साल मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। एड्स से पीड़ित लोगों में व्हाइट ब्लड सेल्स की संख्या बहुत कम होती है और उनका इम्युन सिस्टम भी डैमेज हो जाता है। एचआईवी एक वायरस है, जिसे ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस के नाम से भी जाना जाता है। मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो मानवीय प्रतिरक्षी अपूर्णता विषाणु (एचआईवी) संक्रमण के बाद होती है। जागरूकता के अभाव में लोग एड्स का शिकार हो जाते हैं। इसी कारण एक दिन उनकी मौत भी हो जाती है। इससे जागरूक रहकर ही बचा जा सकता है। अगर किसी को एड्स होने का शक होते है तो वह तुरंत अस्पताल पहुंच कर अपनी जांच करवाए। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो इसको बढ़ने से/ रोका जा सकता है। इससे दूसरे को भी एड्स से बचा सकते हैं। लोगों को इसको लेकर बहुत ही सतर्क रहने की जरूरत है। किसी को खून चढ़ाने से पहले उसकी जांच की जाए, और जांच के बाद किसी को रक्त दिया जाना चाहिए।

# तलवंडी राणा रोड को पुराने रोड से जोड़कर फिर से पहले जैसी स्थिति पैदा कर रही सरकार : कोहली

## ग्रामीणों की मांग एयरपोर्ट की बाहरी दीवार के साथ-साथ धांसू रोड गैस प्लांट से राणा माइनर तक दिया जा सड़क मार्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** सरकार तलवंडी राणा रोड को पुराने अस्थायी सड़क मार्ग से जोड़कर फिर से पहले जैसी स्थिति उत्पन्न करने जा रही है। सरकार द्वारा प्रस्तावित 5.4 में से 2.6 कि.मी. रोड पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मीडिया में इस रोड को फाइनल मंजूरी मिलने की बातें की जा रही है लेकिन अभी तक केंद्र से मंजूरी नहीं मिली है। यह बात चंडीगढ़ बाई पास पर गांव तलवंडी राणा में तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने धरने को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार इस 2.6 कि.मी. सड़क मार्ग को पुराने मार्ग से जोड़कर खानापूर्ति करना चाह रही है जबकि सड़क का 2.6 कि.मी. का दूसरा भाग एयरपोर्ट के बाहरी छोर के साथ से बनना है। इस रोड को पुराने रोड से जोड़ देने से पहले जैसी स्थिति बन जाएगी क्योंकि यह रोड एयरपोर्ट की सीमा में आया हुआ है और इसे एयरपोर्ट की पट्टी बढ़ते ही फिर से तोड़ दिया जाएगा। इससे साफ जाहिर है कि ग्रामीणों को सड़क देने के नाम पर सरकार औपचारिकता पूरी कर रही है जबकि सरकार को रोड का बाकी बचा हुआ 2.6 कि.मी. का टुकड़ा बनवाकर इसका स्थायी समाधान करना चाहिए। कोहली ने बताया कि ग्रामीणों के धरने को 300 दिन पूरे हो चुके हैं बावजूद इसके अभी तक रोड बनाने की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो पाई है। धरने पर ग्रामीणों ने नाराजगी व रोष जताते हुए कहा कि मिर्जापुर जनसभा में स्वयं मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के समक्ष 1 माह में रोड बनवाने की घोषणा की थी लेकिन उन बातों को तीन माह से भी अधिक समय बीत चुका है और रोड की स्थिति जस की तस है। ओ.पी. कोहली ने बताया कि ग्रामीणों की मांग है कि एयरपोर्ट तलवंडी राणा एनएचएन 9 की दीवार से लेकर तलवंडी राणा माइनर धांसू रोड गैस प्लांट से होते हुए राणा माइनर तक सड़क मार्ग दिया जाए इसके लिए जमीन अधिगृहण के लिए सरकार ने 5.4 कि.मी. लंबे रोड को दो भागों में बांट रखा है जिसमें से केवल 2.6 कि.मी. की रोड की फाइल की एनओसी अंतिम चरण में तो पहुंच गई लेकिन अभी तक केंद्र की ओर से फाइनल एनओसी नहीं मिल पाई है। वहीं बाकी बचे 2.6 कि.मी. रोड की कोई फाइल या कागज ही अभी शुरू नहीं किया गया है और रोड के कार्य को बेवजह लंबा खींचा जा रहा है। यदि सरकार चाहती तो अब तक स्थायी सड़क मार्ग कभी का बनकर तैयार हो गया होता है लेकिन मीडिया में आए दिन अलग-अलग बयानबाजी देकर ग्रामीणों को गुमराह करके उनके रोष को और बढ़ाया जा रहा है।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

# इस सरकार में व्यापारी ना दुकान पर, ना घर पर और ना ही सड़कों पर सुरक्षित है : बजरंग गर्ग

## कहा -जो सरकार व्यापारियों की जान-माल की सुरक्षा ना कर सके उस सरकार को व्यापारियों से टैक्स लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए



व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 2 दिसम्बर :** व्यापारी प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक हरियाणा प्रदेश के व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में हरियाणा में लगातार हो रही चोरी, लूटपाट, फिरौती, अपहरण व हत्या की वारदातों पर गंभीर चिंता प्रकट की। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। लगभग 2 महीने पहले सच मोबाइल के यहां अपराधियों द्वारा दुकान का शटर तोड़कर लगभग 70 लाख रुपए के मोबाइल व नकदी की चोरी की थी। जिसमें पुलिस द्वारा तीन चोर पकड़ने के बावजूद भी अभी तक पुलिस प्रशासन ने 70 लाख रुपए की चोरी का माल बरामद नहीं किया है। सच मोबाइल के चोरी का माल बरामद ना करने से व्यापारियों में सरकार व पुलिस प्रशासन के प्रति बड़ा भारी रोष है। जबकि पुलिस प्रशासन बार-बार चोरी का माल जल्द बरामद करने के कोरे आश्वासन पर आश्वासन दे रहा है। जबकि पुलिस ने अभी तक सिर्फ लगभग तीन-चार लाख रुपए का माल ही बरामद किया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हिसार जिले में लगातार चोरी व लूटपाट की वारदातें होने से व्यापारियों में भय का माहौल है जबकि व्यापारी व आम जनता सरकार को करोड़ों रुपए टैक्स देता है। जो सरकार व्यापारी व आम जनता की जान-माल की सुरक्षा ना कर सके उस सरकार को जनता से टैक्स लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए। इस सरकार में व्यापारी ना दुकान पर, ना घर पर और ना ही सड़कों पर सुरक्षित है आज प्रदेश का व्यापारी भय के साये में जी रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा की सरकार को व्यापारी व जनता की जान-माल की सुरक्षा के लिए पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। व्यापारियों के साथ किसी प्रकार की लूटपाट, चोरी व अप्रिय घटना होने पर सरकार को व्यापारियों के नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। श्री गर्ग ने यह भी कहा कि व्यापारी जो सरकार को टैक्स अदा करता है टैक्स अदा करने में बिल बुक, मुनीम, सी ए, बैंक खर्च आदि व्यापारी को अपने घर से भरने पड़ते हैं। व्यापारी जो केंद्र व प्रदेश सरकार को टैक्स अदा करें उसका 5 प्रतिशत कमीशन प्रोत्साहन के रूप में सरकार को व्यापारियों को देना चाहिए। इससे देश व प्रदेश में व्यापार बढ़ेगा। देश व प्रदेश में व्यापार बढ़ाने से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और सरकार को भी पहले से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर मोबाइल एसोसिएशन प्रधान अशोक कुमार, अनाज मंडी एसोसिएशन जिला प्रधान पवन गर्ग, वैश्य समाज के संयोजक ऋषिराज गर्ग बुड़ाकिया व प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, पीड़ित व्यापारी पंकज गेरा व मुकेश गेरा, भगवानदास, विक्की नारंग, प्रवीण कुमार, भीमसेन अग्रवाल, सुरेंद्र गेरा, जगदीश नारंग, मोहित नारंग, राजेश पुनिया, रवि वर्मा व प्रदीप सर्राफ आदि व्यापारी प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया।

# हांसी में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर शराबियों की हरकतों से एससी समाज मे रोष, कार्यवाही के लिए डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

## प्रतिमा स्थल के सामने शराब का ठेका, आसपास की रेहड़ियों व अवैध बैनर, होर्डिंग को हटाने की भी की मांग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 2 दिसम्बर :** हांसी डॉक्टर अंबेडकर चौक पर स्थित डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा स्थल को जानबूझकर शराबियों व नशेड़ियों द्वारा दूषित कर अपमानित करने के मामले में एससी समाज के लोगों ने एसपी हांसी की अनुपस्थिति में डीएसपी धीरज कुमार से मुलाकात कर एसपी के नाम शिकायत दी। समाज के लोगों के प्रतिनिधि मंडल साथ मौजूद नेशनल अलायंस फ़ॉर दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक रजत कल्सन ने डीएसपी धीरज कुमार के सामने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर अंबेडकर चौक पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर रात के समय शराबी व नशेड़ी शराब का सेवन करते हैं तथा इन शराबियो ने खाद्य पदार्थों को बाबा साहब की प्रतिमा पर फेंक कर प्रतिमा को जानबूझकर गंदा किया हुआ है तथा बाबा साहब के गले में पड़ी मालाओं को भी तोड़ा हुआ है उन्होंने कहा कि ये शराबी जानबूझकर बचे हुए खाने को प्रतिमा स्थल पर ही फेंक कर चले जाते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया की प्रतिमा स्थल के सामने शराब का ठेका खुला हुआ है तथा प्रतिमा स्थल के आसपास रात को अंडे वगैरा की रेहड़ियां लग जाती है जहां पर शराबियों का जमावड़ा हो जाता है तथा रात के अंधेरे में प्रतिमा स्थल पर बैठकर यह लोग शराब का सेवन कर उत्पात करते हैं तथा प्रतिमा को दूषित कर अपमानित करने का काम करते हैं। प्रतिनिधि मंडल ने कहा इसके साथ-साथ तथाकथित समाज सेवियों व निजी संस्थाओं ने अपने बड़े-बड़े होल्डिंग डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास लगवाए हुए हैं जिससे प्रतिमा की शोभा खराब हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की की तुरंत प्रभाव से प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल कराया जाए तथा प्रतिमा को दूषित कर अपमानित करने वाले शराबियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए व प्रतिमा के सामने स्थित शराब के ठेके व प्रतिमा स्थल के आसपास लगने वाली रेडियो को वहां से तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। इसके साथ ही प्रतिमा के आसपास लगे बैनर व होल्डिंग्स को भी वहां से तुरंत कटवाया जाए। डीएसपी धीरज कुमार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासत दिया कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाएगी तथा शिकायत को तुरंत कार्रवाई के लिए थाना शहर में अग्रेषित कर दिया। प्रतिनिधि मंडल ने चेतावनी दी यदि ऐसा नहीं किया गया तो इस बारे में पूरे हांसी का ऐसी समाज क लघु सचिवालय पर अनिश्चितकालीन धरना करेगा। इस दौरान अधिवक्ता रोहित कलसन, अधिवक्ता मलकीत सिंह, अधिवक्ता राहुल चावला, अधिवक्ता किरण, सामाजिक कार्यकर्ता अजय भाटला, हिम्मत सिंह, सतीश कुमार, राम रतन, बलबीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, बलवान सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# 3 कमांडो की टीमों के 424 पुलिस के जवान उतरे फील्ड में, प्रत्येक टीम में होंगे 8 कमांडो

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 2 दिसम्बर :** हरियाणा पुलिस द्वारा विशेष पुलिस बल की 424 कमांडो की 53 टीमें तैयार की गई है। प्रत्येक टीम में 8 कमांडो शामिल किए गए हैं। ये टीमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करेंगी। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि इन टीमों को विशेष नाकाबंदी, वीवीआइपी ड्यूटी, खतरनाक अपराधियों की गिरफ्तारी बारे में छापामारी, स्पेशल प्रोटेक्शन वाले मुलजिमों की कोर्ट में पेशी आदि में विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया गया है तथा ये टीमें जिला प्रमुखों के सुपरविजन में कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि पुलिस कमिश्नरी अथवा पुलिस रेंज पर कमांडो यूनिट द्वारा एक निरीक्षक को समय-समय पर नियुक्त किया जाएगा जो इनकी ड्यूटियों तथा कल्याण के बारे में अवलोकन करते हुए इसके लिखित रिपोर्ट पुलिस महानिरीक्षक रेलवे एवं कमांडो व पुलिस अधीक्षक कमांडो को भेजेंगे। इसके साथ ही ये टीम कमिश्नरी, पुलिस रेंजो से बारी-बारी रिफ्रेशर कोर्स भी करेंगी। प्रत्येक जिला को कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के अनुसार अलग-अलग श्रेणियां में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में विशेष पुलिस बल की 5 कमांडो टीम भेजी गई है जिसमें कुल 40 जवान शामिल है। इसी प्रकार, फरीदाबाद, सोनीपत तथा पंचकूला जिला में चार-चार टीमें लगाई गई है जिनमें कुल 96 पुलिस के जवान शामिल है। पानीपत, हिसार, कुरुक्षेत्र, जींद, मेवात(नूह), अंबाला, करनाल, कैथल, यमुनानगर, रोहतक, भिवानी, रेवाड़ी, पलवल, झज्जर, नारनौल तथा फतेहाबाद जिला में दो- दो टीमों को तैनात किया गया है। इन सभी जिलों में कुल 256 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि हांसी, सिरसा, डबवाली तथा दादरी जिला में एक-एक टीम भेजी गई है जिनमें कुल 32 जवान शामिल हैं।




# घर के सदस्यों के साथ होने से खुशी बढ़ती है : कुलदीप बिश्नोई

## आदमपुर हलका के गांवों में बेटों की शादी का न्यौता देने पहुंचे कुलदीप बिश्नोई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 2 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई अपने पुत्रों भव्य बिश्नोई एवं चैतन्य बिश्नोई की शादी समारोह के लिए निमंत्रण देने आदमपुर हलके के गांव-गांव पहुंच रहे हैं। शनिवार को उन्होंने गांव दुर्जनपुर, काजला, न्योली खुर्द, मलापुर, जाखोद खेड़ा, मोठसरा, महसरा, लाडवी, सीसवाल, ढाणी सीसवाल, लाखपुल, बगला, घुड़साल, चौधरीवाली, बुड़ाक, बांडाहेड़ी, कुतियावाली, तेलनवाली, डोभी, खारिया, सुंडावास व बालसमंद में चौपालों पर जाकर गांव वासियों को 26 दिसंबर को आदमपुर में शादी समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस दौराल कुलदीप बिश्नोई ने बताया कि आदमपुर हलका हमारा परिवार है। मेरे पिता चौधरी भजनलाल जी भी परिवार में होने वाले शादी समारोह को लेकर स्वयं आदमपुर के प्रत्येक गांव में जाकर निमंत्रण देते थे। वो भी अपने पिता के दिखाए रास्ते पर चलते हुए अपने परिवार के सदस्यों को शादी का निमंत्रण देने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि घर के सदस्यों के साथ होने से खुशी बढ़ती है। उन्होंने सभी से शादी में पहुंच कर बच्चों को अपना आशीर्वाद देने की अपील की।

पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने इस दौरान गांवों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की और कहा कि हलका में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। आदमपुर का विकास ही उनकी प्राथमिकता है और इससे उनका परिवार कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस दौरान रणधीर पनिहार, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, मानसिंह चेयरमैन, मनीष ऐलावादी, ठाकरदत सरपंच, बलदेव खोखर, पालीराम सैनी सरपंच, सुशील सरपंच, पवन जाखोद, भागू शर्मा, जुगल किशोर सरपंच, जयपाल बागड़ी सरपंच, कुलदीप डेलू सरपंच, कुलदीप पूनिया, रणबीर बिजला, रामबीर महंत, रोहित ढाका, मंगल काजला सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।